





## एक नजर में

### बीएसएनएल की लापरवाही से हादसे की आशंका



**मक्सी, 17 फरवरी.** कनासिया नाका स्थित पुराने एबी रोड पर भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल विभाग की लापरवाही सामने आई है. यहां विभाग द्वारा केबल डालने के लिए लगभग 15 से 20 दिन पूर्व सड़क किनारे खुदाई करवाई गई थी, लेकिन अब तक गड्ढों को भरा नहीं गया है, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है. स्थानीय रहवासियों और दुकानदारों के अनुसार खुदाई के बाद से ही गड्ढे खुले पड़े हैं, जिससे क्षेत्र में लगातार हादसे की आशंका बनी हुई है. शाम के समय और रात्रि में स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है. क्योंकि अंधेरे में गड्ढे स्पष्ट दिखाई नहीं देते. रहवासियों का कहना है कि कई बार बीएसएनएल के वेंडर से गड्ढों को भरने की मांग की गई, लेकिन हर बार आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है. दुकानदारों का आरोप है कि इस लापरवाही से ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है, जिससे व्यापार पर असर पड़ रहा है. क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है, ताकि संभावित हादसे को रोका जा सके. यदि समय रहते गड्ढों को नहीं भरा गया, तो कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता.

### तालाब की पाल पर खेल रहे थे जुआं, 3 आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज

**शुजालपुर, 17 फरवरी.** मंडी पुलिस थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जामनेर स्थित तालाब की पाल पर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे, जिसकी सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को पकड़ा. बताया जाता है कि इस दरमियान कुछ आरोपी मौके से भागने में सफल हो गए. पुलिस के अनुसार जुआ खेलते हुए महेन्द्र खत्री निवासी कालापीपल, जितेन्द्र राठौर व अशोक तोमर दोनों निवासी आष्टा को पकड़ा. पुलिस ने मौके से 9 हजार 220 रुपए नगदी तथा ताश पत्ते बरामद किए. पुलिस की इस कार्यवाही पर संदेह भी जताया जा रहा है. बता दे मंडी पुलिस थाने में जुआ मामले में कार्यवाही के दौरान पहले भी प्रश्न चिन्ह लग चुके है.

### लापरवाही करने वाले अधिकारी के विरूद्ध होगी कार्रवाई




**शाजापुर, 17 फरवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में गत दिवस समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई. कलेक्टर ने जिला परियोजना समन्वयक को विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं मिशन अंकुर अंतर्गत कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए. उन्होंने जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश दिए कि बालिका शौचालय विहिन प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में बनाई जाने वाली बालिका शौचालयों को गुणवत्तापूर्ण बनवाएं. उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करें. लापरवाही करने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी. उल्लेखनीय है कि जिले की मो. बड़ोदिया विकासखण्ड में 5 एवं शाजापुर विकासखण्ड में 2 शौचालय, इस प्रकार कुल 7 नवीन बालिका शौचालय की स्वीकृति राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से प्राप्त हुई है. इसी तरह जिले में 72 बालिका शौचालय के मरम्मत के कार्यों की स्वीकृति भी प्राप्त हुई है. कलेक्टर ने बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी को गेहूं उपार्जन के तहत किसान पंजीयन कराने एवं पंजीयन केंद्र की स्थापना की आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. कलेक्टर सुश्री बाफना ने सभी राजस्व अधिकारी, कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी को सभी किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने एवं उनकी फॉर्मर आईडी से भूमि का शत-प्रतिशत रकबा जुड़वाने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने जलनिगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को जलजीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण योजनाओं को हस्तांतरण करने व अधूरी जलजीवन मिशन की योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सीईओ को हितग्राहियों की ईकेवायसी कराने तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने जिले के सभी शासकीय-अशासकीय कार्यालयों में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 के तहत आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश दिए. इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, एसडीएम शुजालपुर राजकुमार हलदर, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे व श्रीमती अंकिता पाटकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

**रेफरल प्रकरणों की समीक्षा की**

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के रेफरल प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा भी की. साथ ही उन्होंने सीएमएचओ को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, गर्भवती माताओं की समग्र ई-केवायसी कराने तथा सोनोग्राफी सेंटर पर सोनोग्राफी प्रारंभ कराने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने सहकारिता विभाग की समीक्षा कर धारा 85 के प्रकरणों में प्रगति लाने तथा अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को वसूली करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के डिफॉल्टर सदस्यों से क्रिस के माध्यम से की जाने वाली वसूली के लिए मंगलवार का दिन आरक्षित रखें एवं मंगलवार के दिन संस्थाओं की वसूली का कार्य प्राथमिकता से कराएं.

**नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही के निर्देश**

कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए. पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा उद्यानिकी के अधिकारी को केसीसी ऋण के लक्ष्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए. इस मौके पर कलेक्टर ने सीएम डेशबोर्ड में दर्ज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर समयसीमा में निराकृत करने, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी में प्रगति लाने, सामाजिक न्याय विभाग की पेंशन योजनाओं में हितग्राहियों की केवायसी तथा समग्र आईडी से आधार लिंक केवायसी कराने के निर्देश दिए.

### बिजली के तार चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया बदमाश

**शाजापुर, 17 फरवरी.** लालघाटी थाना क्षेत्र के काशी नगर में सोमवार देर रात एक युवक को निर्माणाधीन मकानों से बिजली के तार चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया. यह घटना रात करीब 10 से 11 बजे के बीच हुई, जिसका सीसीटीवी फुटेज मंगलवार दोपहर 1 बजे सामने आया. काशीनगर निवासियों ने बताया कि रात के समय एक संदिग्ध युवक निर्माणाधीन घरों के आसपास घूमता दिखा. उसकी गतिविधियों पर संदेह होने पर लोगों ने उसे रोका और पूछताछ की. इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही लालघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई. लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि काशी नगर के कुछ निवासियों से संदिग्ध युवक के घूमने की जानकारी मिली थी. मौके से घटना का सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त हुआ है. पूछताछ में युवक की पहचान शाजापुर निवासी अनस पिता इकबाल के रूप में हुई है. फिलहाल काशी नगर के किसी भी निवासी द्वारा तार चोरी को लेकर कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है. पुलिस के अनुसार, युवक से हिरासत में पूछताछ जारी है और शिकायत मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# परीक्षा के नाम पर बच्चों से साफ करवाया शौचालय

## ग्रामीणों ने देखा, तो हुए नाराज, अब लटकी कार्रवाई की तलवार

**शाजापुर, 17 फरवरी. ग्राम पिपलिया गोपाल के शासकीय प्राथमिक स्कूल में एक शिक्षक ने वहां पढ़ने वाले बच्चों से स्कूल का शौचालय और बाथरुम साफ करवाने का मामला सामने आया है. जब बच्चों का सफाई करते हुए वीडियो वायरल हुआ, तो मामला सामने आया. इसके बाद पहुंचे ग्रामीणों ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को शिकायत की है, जिन्होंने जांच के बाद संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है.**

जो वीडियो वायरल हुआ है, उसमें स्कूल के शिक्षक फजल एक बच्चे से शौचालय साफ करवाते नजर आ रहे हैं. सफाई के दौरान बच्चे की शर्ट तक उतरी हुई है. केवल छात्र ही नहीं बल्कि स्कूल की छात्राओं ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं. छात्राओं का कहना है कि उनसे स्कूल में आए दिन झाड़ू लगवाई जाती है और साफ-सफाई करवाई जाती है. कक्षा 6 के

### मैंने पत्ते साफ करने को कहा था...

मामले में शिक्षक फजल ने कहा कि उन्होंने बच्चों से शौचालय साफ नहीं करवाया है. उन्होंने बच्चों को केवल परिसर में गिरे हुए सूखे पत्ते उठाने के लिए कहा था. उन्होंने बाथरुम साफ कराने की बात को खारिज कर दिया है.



एक छात्र लकी ने बताया कि शिक्षक फजल ने उनसे कहा कि परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और बाहर के गांवों से बच्चे यहां आएंगे. इसलिए सफाई कर दो. वहीं अभिभावक देवी सिंह ने बताया कि जब वे स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने खुद बच्चों को बिना कपड़ों के शौचालय साफ करते देखा, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है.

**परीक्षा का हवाला देकर कराई सफाई...**

कक्षा छठी के छात्र लकी ने बताया कि शिक्षक फजल ने यह कहकर उनसे बाथरुम साफ करवाया कि परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और बाहर के गांव के बच्चे यहां आएंगे. इसलिए सफाई कर दो. वहीं अभिभावक देवीसिंह ने बताया कि जब वे स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने खुद बच्चों को बिना कपड़ों के शौचालय साफ करते देखा. जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है. वहीं कुछ छात्राओं ने शिक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनसे स्कूल में आए दिन झाड़ू लगवाई जाती है और साफ-सफाई भी करवाई जाती है. इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें शिक्षक फजल एक बच्चे से शौचालय साफ करवाते हुए नजर आ रहे हैं. सफाई के दौरान बच्चे की शर्ट तक उतरी हुई है. यह वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग के आला अधिकारी इस मामले की जांच कराने की बात कह रहे हैं.

*इनका कहना है*

*मामला मेरे संज्ञान में आया है. बीआरसी और जनशिक्षक को तुरंत मौके पर भेजकर विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं. जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.*

*- धीरज बिरथरिया, डीपीसी-शाजापुर*

# खेत में उतरा सेना का हॉट एयर बैलून

## बड़बेली के ग्रामीणों में मची हलचल

**शुजालपुर, 17 फरवरी. मंगलवार सुबह क्षेत्र के अनुविभाग शुजालपुर की तहसील कालापीपल के बड़बेली गांव के जंगल में उस समय हड़कंप की स्थिति बन गई, जब भारतीय सेना का एक हॉट एयर बैलून अचानक नीचे उतरता दिखाई दिया. बैलून को जंगल में उतरते देख ग्रामीणों में कुछदेर के लिए दहशत का माहौल बन गया.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पास जाकर देखने पर बैलून में सेना के चार जवान सवार मिले, जिनमें एक महिला कर्मी भी शामिल थी. ग्रामीणों ने जवानों से बातचीत की तो स्थिति स्पष्ट हुई और लोगों ने राहत की सांस ली. प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बैलून 3 ईएमई बैरागढ़ भोपाल का बताया जा रहा है. इसे नए भर्ती जवानों के प्रशिक्षण के उद्देश्य से उड़ाया गया था. प्रशिक्षण के दौरान दिशा परिवर्तन होने से बैलून कालापीपल क्षेत्र के बड़बेली गांव के जंगल में पहुंच गया. सूचना मिलने पर सेना का वाहन मौके पर पहुंचा और चारों जवानों को सुरक्षित वापस उनके सेंटर के लिए



रवाना किया गया. ग्रामीणों ने बताया कि सभी जवान पूरी तरह सुरक्षित थे और किसी प्रकार की जनहानि या नुकसान नहीं हुआ. घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सेना की नियमित प्रशिक्षण प्रक्रिया का हिस्सा था, जिससे कुछ समय के लिए उत्सुकता और हलचल का माहौल बन गया.

# भारतीय जैन संगठन की नगर इकाई घोषित

**शुजालपुर, 17 फरवरी. भारतीय जैन संगठन की नगर इकाई का गठन करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई. प्रदेश अध्यक्ष साशा जैन एवं जिला अध्यक्ष ग्रीष्मा शाह की अनुशंसा पर समाजसेवी मीना चौधरी को नगर इकाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.**

घोषित कार्यकारिणी के अनुसार सचिव पद पर बबीता चोपड़ा, सहसचिव हर्षिता जैन, कोषाध्यक्ष रूपल शाह तथा सहकोषाध्यक्ष सलोनी नरेलिया को मनोनीत किया गया है. संस्था के संरक्षक मंडल में प्रभा जैन, पुष्पा शाह, पुष्पा चौधरी एवं तेजकिरण जैन को चयनित किया गया है. वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आरती मारवाड़ी, मेघा जैन, सीमा जैन, सोनाली जैन, हेमा सुराणा, निशा सुराणा, स्मिता शाह, संगीता गुगलिया, अंकिता चोपड़ा, मोना चौधरी, दीप्ति चोपड़ा एवं नीता सिरमौर सहित अन्य सदस्य शामिल किए गए हैं. नवगठित टीम ने समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने और संगठन की गतिविधियों को विस्तार देने का संकल्प व्यक्त किया. पदाधिकारियों ने कहा कि नगर इकाई के माध्यम से सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा.



मीना चौधरी



रूपल शाह



बबीता चौपड़ा

### देवतवाल बने अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष

**शाजापुर, 17 फरवरी.** मंगलवार को अभिभाषक संघ के चुनाव संपन्न हुए. मतदान के बाद परिणाम की घोषणा की गई, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर गिरधारीलाल देवतवाल को विजय घोषित किया गया और सभी ने उन्हें बधाई देते हुए स्वागत किया. अभिभाषक संघ के चुनाव की प्रक्रिया पिछले एक सप्ताह से चल रही थी. पहले प्रत्याशियों ने आवेदन जमा किए. इसके बाद नाम वापसी की प्रक्रिया हुई. जिसमें अध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, लाइब्रेरियन सचिव व कोषाध्यक्ष पद पर कोई प्रतिद्वंदी न होने पर प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित किया गया था, लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी के मैदान में होने से 17 को मतदान कराया गया. जहां 350 मतदाताओं में से 284 अभिभाषकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इसमें गिरधारीलाल देवतवाल को 188 तथा मदनसिंह चौहान को 53 वोट मिले. वहीं शिव कलेशरिया को 39 मतों से संतोष करना पड़ा. डाले गए मतों में से 3 मत निरस्त हुए तथा नोटा में भी एक वोट डाला गया. इस तरह गिरधारीलाल देवतवाल 92 मतों से विजयी घोषित हुए, जिन्हें सभी ने शुभकामनाएं देते हुए स्वागत किया.

# देशमुख बनीं जिजाऊ ब्रिगेड प्रदेशाध्यक्ष

**शुजालपुर, 17 फरवरी. संगठन विस्तार अभियान के तहत जिजाऊ ब्रिगेड ने मध्यप्रदेश में नई जिम्मेदारी तय करते हुए शिवमती एडवोकेट कोमलताई देशमुख को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है. यह निर्णय संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. निर्मलाताई पाटील की सहमति एवं मार्गदर्शन में लिया गया.**

संगठन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार कोमलताई देशमुख लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक एवं महिला सशक्तिकरण गतिविधियों से जुड़ी रही हैं. उनके नेतृत्व अनुभव और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है. पदाधिकारियों का मानना है कि उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी और जनहित से जुड़े कार्यक्रम अधिक प्रभावी रूप से संचालित होंगे. राष्ट्रीय



कोमल देशमुख

अध्यक्ष डॉ. पाटील ने नियुक्ति पर शिव अभिनंदन देते हुए कहा कि जिजाऊ ब्रिगेड का उद्देश्य मातृशक्ति का सम्मान, संस्कार निर्माण तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है. उन्होंने विश्वास जताया कि कोमलताई देशमुख इस उद्देश्य की पूर्ति में अहम भूमिका निभाएंगी.

# नगरवासियों ने परिजन बनकर गरीब कन्या का मामेरा भरा

## भारतीय किसान संघ के बैनरतले होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**सोयतकलां, 17 फरवरी. भारतीय किसान संघ परिवार द्वारा 20 फरवरी को आयोजित निशुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह आयोजन के लिए नगर में उत्साह उमंग का माहौल है. शुभविवाह में शामिल होने वाले बारातियों एवं मेहमानों के स्वागत के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं.**

विवाह समारोह में नगर की एक गरीब कन्या का भी विवाह होना है. कन्या के सिर पर पिता का साया नहीं है. कैंसर के कारण उसके पिता की मृत्यु हो गई. मां ने मजदूरी कर बेटी का पालन पोषण किया. ऐसी परिस्थितियों में भारतीय किसान संघ के आव्हान पर संपूर्ण समाज ने कन्या के परिवारजन बनकर उसकी परिस्थिति को देखते हुए उसके



विवाह के लिए नगर में मामेरा भरने का कार्यक्रम आयोजित किया. भारतीय किसान संघ के परिवारजन एवं नगर, क्षेत्र वासी गाजे-बाजे के साथ भ्रमण करते हुए बहन का मामेरा भरने के लिए उसके घर पहुंचे. मोहल्ला वासियों एवं परिजनों ने पुष्प वर्षा कर सभी मेहमानों का स्वागत किया. मामेरा में पहुंचे सभी परिवारजनों ने बहन को रीति रिवाज के अनुसार कलश बधंवाकर वस्त्र एवं लिफाफा भेंट किया तथा परिवार के सदस्य बनकर दुल्हन को टीका लगाकर वस्त्र एवं अन्य सामग्री भेंट की. कुशवाह समाज की धर्मशाला में समाज के सदस्यों के साथ मामेरे का कार्यक्रम आनंद उल्लास एवं भावनाओं के साथ संपन्न हुआ. नगर वासियों ने परिवार के सदस्य के रूप में एक गरीब कन्या को अपनी पुत्री मानकर एवं परिवार को अपना परिवार मानकर हंसी खुशी एवं उल्लास, आनंद के साथ विवाह की रस्म संपन्न कराई. दुल्हन की मां ने नगरवासियों का अपनापन देखकर भाव विभोर होकर नगर के सभी परिजनों महिला पुरुषों का आभार व्यक्त किया.

## एक नजर में — जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# जनगणना की सही जानकारी दें आमजन : कलेक्टर बाफना

**शाजापुर, 17 फरवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में आज जिला जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनगणना के कार्ययोजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई.**

कलेक्टर सुश्री बाफना ने बताया कि जनगणना 2027 के माध्यम से सही डाटा एकत्रित करने के लिए किया जा रहा है. देश में पहली बार डिजिटल माध्यम से जनगणना होगी. इसके लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है. जनगणना में स्व गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया जा रहा है. नागरिक मोबाइल, लैपटॉप और डेस्कटॉप से जानकारी दर्ज कर सकते हैं. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना करते समय सही-सही जानकारी दर्ज




करें. किसी भी स्थिति में गलत जानकारी नहीं भरें. कलेक्टर ने अनुरोध किया कि आमजन फील्ड अधिकारियों को सही जानकारियां देंने में घबराएं नहीं, जनगणना कार्य के दौरान नागरिकगण अपनी सही-सही जानकारी फील्ड अधिकारी को दें. इस कार्य से किसी भी व्यक्ति का नाम शासकीय योजनाओं से नहीं काटा जाएगा. इसलिए सही जानकारी देने में संकोच नहीं करें. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना के लिए प्रशिक्षण दें. मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति करें. इस दौरान प्रशिक्षण स्थल पर बैठक, पेयजल आदि सभी व्यवस्थाएं रहें, यह सुनिश्चित करें. इस दौरान अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर राजकुमार हलदर, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शिप्रे, सीएमओ, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे.

### स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना...

बैठक में जनगणना प्रभारी अधिकारी शाजापुर मिलिंद देशपांडे ने बताया गया कि यह जनगणना वर्ष 1872 से 16वीं एवं स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी. पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी. जनगणना दो चरणों में होगी. प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026, जिसमें मकान सूचीकरण और मकानों की गणना तथा द्वितीय चरण फरवरी-मार्च 2027 में जनसंख्या की गणना की जाएगी. इस दौरान कहा गया कि जनगणना का कार्य निर्धारित सीमा समय पर किया जाता है. अतः समय सीमा में किसी भी प्रकार का विस्तार व परिवर्तन संभव नहीं है.

### अब तक नहीं हुआ खुलासा, जल्द दिलवाएं रकम

**शाजापुर, 17 फरवरी.** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में एक शिकायती आवेदन दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि उनके घर से हुई चोरी की घटना में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. बाबूलाल ने आवेदन में बताया कि जब वह परिवार सहित जंगल में मजदूरी करने गए थे, तब दोपहर करीब 2 बजे अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़ दिया. चोरों ने घर से चार लाख रुपए नकद, आधा किलो आंवला और एक मंगलसूत्र चुरा लिया. पीड़ित ने बताया कि यह रकम उन्होंने अपने 25 वर्षीय पुत्र की अचानक मृत्यु के बाद शाजापुर के ज्योति नगर क्षेत्र में खरीदे गए एक प्लाट की बकाया दो किश्तें चुकाने के लिए ससुराल और बहन से उधार लेकर जुटाई थी. रतनलाल ने बताया कि इस घटना की रिपोर्ट सुनेरा थाना में दर्ज कराई गई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद चोरी का खुलासा नहीं हो सका है. बाबूलाल ने कलेक्टर से इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने और चोरी हुई रकम को बरामद कराने की मांग की है.